## एक नजर में

### विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**गोगावा, निप्र।** मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव ,नियंत्रण व उन्मूलन के लिए आज का दिन समर्पित हैं यह बात ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ एहमद रजा खान ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोगावां में विश्व मलेरिया दिवस पर उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कही। ब्लाक मलेरिया निरीक्षक अशोक कुशवाह ने बताया कि मलेरिया जैसी घातक बीमारी को लेकर समुदाय का ध्यान केंद्रित करना है ,पिछले 5 वर्ष से ब्लाक के समस्त ग्रामों में कुल 118000 (एक लाख अठारह हजार ) बुखार पीड़ितों की जांच की गई जिसमें मलेरिया का कोई भी मरीज नही पाया गया ।शासन के निर्देशानुसार आगामी सन 1930 तक देश मे मलेरिया रोग का पूर्ण उन्मूलन करना है , बी ई परसराम क्षेत्रे ने नबताया कि रोग से बचाव हेतु मच्छरों को लार्वा की अवस्था मे ही नष्ट करे ,कही भी पानी का जमाव न होने दे , बी पी एम आशिष पंवार ने मच्छरदानी लगाने का तरीका बताकर उसको नियमित परिवार के साथ उपयोग करने की सलाह दी गई , बी सी एम जितेंद पाटीदार ने बताया कि आगामी वर्षाकाल में मौसम अनुकूल होने से मच्छरों की संख्या बढ़ जाती हैं ,ऐसे समय हमें सजग रहने की आवश्यकता है।इस अवसर पर कविता सोनी ( महिला बाल विकास ) ,शिवराम यादव ,कैलाश कुशवाह ,सुनील सोनी ,संजय यादव ,माया कुल्मी ,सुनीता असलकर व फील्ड कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आचार्य विभव सागरजी महाराज ससंघ का सनावद में भव्य मंगल प्रवेश



**सनावद, निप्र।** तप, त्याग एवं संयम की नगरी सनावद में आचार्य श्री विभव सागर महामुनिराज ससंघ का खंडवा की ओर से भव्य मंगल प्रवेश हुआ। प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि महाराष्ट्र के पुसेगाँव एवं भुसावल में पंचकल्याणक संपन्न कर इंदौर की ओर विहार कर रहे आचार्य श्री विभव सागर जी ( 9 पिच्छी ) का नगर आगमन हुआ। समाजजनों ने ढकलगांव फाटा, खंडवा रोड पर पहुंचकर आचार्य संघ की आगवानी की। आचार्य संघ ने नगर भ्रमण कर सभी जैन मंदिरों एवं गृह चैत्यालयों के दर्शन किए।इसके बाद श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पहुंचे जहां आचार्य श्री के सानिध्य में मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक व शांतिधारा संपन्न हुई।प्रवचन हॉल में आचार्य श्री ने धर्म सभा को संबोधित करते हुवे कहा की, 'जिस चीज का संयोग है, उसका नियम से वियोग है। चाहे पुण्य का संयोग हो या पाप का।मृत्यु के पूर्व आयु कर्म का बंध नियम से होता है।' उन्होंने आगे कहा, 'यह सनावद नगरी धर्म तीर्थ के समान है। यहां से राष्ट्र गौरव आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज सहित 18 त्यागी निकले हैं।ऐसी नगरी में प्रतिवर्ष साधु संतों का चातुर्मास होना चाहिए, जिससे धर्म की वृद्धि हो।' इस अवसर पर आहार दान का सौभाग्य मुकेश कुमार जैन 'शुभम् पेप्सी' और सावित्री बाई कैलाशचंद जटाले परिवार और संगस्त त्यागीयो को प्राप्त हुआ। दोपहर में तत्व चर्चा व स्वाध्याय कक्षा तथा शाम को आचार्य भक्ति, सामायिक व आरती संपन्न हुई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### सनावद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर गोष्ठी का आयोजन



**सनावद, निप्र।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ( आर .एस .एस .) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्थानीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन सरस्वती स्कूल, सनावद में किया गया।इस कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, विभिन्न वर्गों के स्वयंसेवकों और स्थानीय जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गोष्ठी में सनातन धर्म की गरिमा, हिंदुत्व की शक्ति और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सामाजिक कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने संघ को पूरे समाज के लिए समर्पित संगठन बताया और कहा कि यह किसी एक समूह को नहीं, बल्कि पूरे समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है।

**गोमाता का महत्व समझाया :-** गौ माता के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया। गौ माता के दूध, गोबर तथा गौ मूत्र के स्वास्थ्य, कृषि और पर्यावरणीय लाभों की चर्चा की गई।साथ ही यह भी समझाया गया कि गौ माता को माता का दर्जा किन गुणों और त्याग के आधार पर दिया जाता है।संघ के संस्थापक डॉ . केशव बलिराम हेडगेवार ( केशव हेगड़े वार ) के जीवन की प्रेरक घटनाओं और उनके राष्ट्रसेवी विचारों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। भारतीय इतिहास के संदर्भ में हिंदू वीरों जैसे महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान और भगत सिंह के योगदान का उल्लेख किया गया। साथ ही कुछ ऐतिहासिक गद्दारों ( जैसे जयचंद) और हिंदू समाज की कुछ गलतियों पर भी चर्चा हुई, जिससे हिंदुत्व को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।भगवा ध्वज का प्राचीन काल से चला आ रहा महत्व और उसकी राष्ट्रध्वज के रूप में प्रमुखता पर प्रकाश डाला गया।संघ को एक पारिवारिक संगठन के रूप में चित्रित किया गया, जिसमें अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति प्रमुख है।स्वतंत्रता संग्राम में संघ के योगदान तथा देशहित में किए गए निरंतर संघर्ष और सेवाकार्यों का विस्तार से वर्णन किया गया।

**प्रमुख अतिथि :-** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक दुबे ( शाजापुर ) रहे। राजेंद्र जी साद संघ प्रचारक के प्रमुख रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने सभी को संघ के उद्देश्यों तथा समाज सेवा की प्रेरणा दी।यह गोष्ठी आर .एस .एस . के शताब्दी वर्ष की भावना को स्थानीय स्तर पर मजबूत करने और समाज में सकारात्मक जागरूकता फैलाने का एक सुंदर प्रयास साबित हुई। उपस्थित सभी लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संविदा आधार पर वाहन चालक की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**खरगोन, निप्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुदान अंतर्गत बहुउपयोगी वाहन के लिए संविदा आधार पर एक वाहन चालक की नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09 मई 2026 निर्धारित की गई है। भर्ती से संबंधित विज्ञप्ति एवं आवेदन-पत्र का प्रारूप जिला न्यायालय मण्डलेश्वर सहित तहसील न्यायालय महेश्वर, कसरावद, बड़वाह, भीकनगांव एवं खरगोन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। इसके अतिरिक्त उक्त विज्ञापन जिला न्यायालय, मण्डलेश्वर की वेबसाइट पोर्टल पर भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।


# सरकारी जमीन पर धड़ल्ले से बना रहे मकान

## सरकारी अधिकारी बेखबर, सरपंच ने की एसडीएम को शिकायत

नवभारत न्यूज

**बड़वाह, निप्र।** प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद सरकारी जमीनों से कब्जा हटाने के अभियान की हवा निकल गई है। जिम्मेदार अफसर बेखबर है। भू-माफिया सरकारी जमीनों का चीरहरण करने में लगे है। राजस्व विभाग की सरकारी जमीनें सुरक्षित नहीं रह रही है। भू-माफिया विभाग से रणनीति बनाते है कि किस सरकारी जमीन को कब्जा करके बेच करके मालामाल होना है।मामलों की शिकायत होती रहती है और जांच होती रही जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती होती है। खुल्लेआम सरकारी जमीन पर मकान बनाने का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है।

मामला ग्राम पंचायत सोरठी बारूल के सापट क्षेत्र का है। यहाँ सरपंच ने एसडीएम को सरकारी जमीन पर हो रहे कब्जे को लेकर शिकायत की है। लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नही की गई है। राजस्व अभिलेख मे खसरा नंबर 38/2/1/2 पटवारी हल्का सापट में कुल 0.5670 हे. शासकीय भूमि दर्ज है। उक्त जमीन पर न्यायालय कलेक्टर के प्रकरण क्र. 0076/अ-74/2024-25 आदेश दिनांक 07/03/25 के अनुसार लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को आवंटित की गई है।जिसका बंटाकन खसरा नंबर 0.0600 हे. पर उप स्वास्थ्य केन्द्र बनाया जा रहा है। जबकि उक्त शेष भूमि पर पड़ोस मे ही सरकारी जमीन पर अवैध प्लॉट काटकर मकान/ दुकान निर्माण का कार्य किया जा रहा है।दिन-रात काम



करके सरकारी जमीन पर धड़ल्ले से मकान बनाये का काम किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि बनाकर बेचने का कार्य किया जाएगा। क्योंकि मैन काटकूट-बड़वाह सड़क पर ही है। लेकिन प्रशासन को सब नजर होते हुए भी आंखे मूंदकर बैठा है।वो भी उप स्वास्थ्य केन्द्र के समीप ही निर्माण कार्य किया जा रहा है। धीरे-धीरे जमीन पर घर बनाकर कब्जा करते जा रहे है। राजस्व विभागीय अधिकारी बिल्कुल ही बेखबर बने है।जमीन पर धड़ल्ले से कब्जा कर घर बनाने के साथ-साथ खेती भी कर रहे है।वही पास से लगी जमीन खसरा नंबर 38/2/2 मालिक

### एसडीएम को सरपंच ने लिखा पत्र

सरपंच बसुबाई पति सरपंच प्रतिनिधि सकाराम कोचले ने एसडीएम के नाम सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने को लेकर पत्र लिखा है जिसमे ग्राम पंचायत सोरठी बारूल अंतर्गत सापट मे उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण हेतु आवंटित भूमि सर्वे नंबर 38/2/1/2 रकबा 0.0600 हे. पर उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। किन्तु उक्त खसरे की शेष भूमि पर गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा अवैध निर्माण कर बेचने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त मामले मे संज्ञा लेते हुए कब्जा हटाने की कार्यवाही की जाए। साथ सरपंच ने मांग रखी है कि उपस्वास्थ्य केन्द्र के पास से लगी सरकारी जमीन की पंचायत बाउंड्रीवाल करेगी।प्रशासन सहयोग करें। ताकि उक्त शेष सरकारी जमीन पर पेड़-पौधे लगाकर जमीन को संरक्षित किया जा सके।

दर्शनदास गुरू सरस्वतीदास रकबा 4050 हे. की भूमि पर संत की मृत्यु के पश्चात इस सरकारी जमीन पर भी लोगो ने अवेध मकान बना लिए है। वही अब अतिक्रमणकर्ता 38/2/1/2 की भूमि पर कब्जा जमाने के लिए मकान निर्माण कर रहा है। इसकी शिकायत सरपंच ने एसडीएम से की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर फील्ड स्टाफ ने ली शपथ




**बिस्टान, निप्र।** विश्व मलेरिया दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्टान में मेडिकल ऑफिसर डॉ शुभम गुप्ता ने अपने अधीनस्थ फील्ड स्टॉप ओपीडी में उपचारत मरीजों को बताया कि मच्छरों के वयस्क होने से पूर्व ही लार्वा अवस्था में ही नष्ट कर दें।इससे मलेरिया जैसे जानलेवा रोग का पूर्ण रूप से हम उन्मूलन कर सके।

सुपरवाइजर सुनील सोनी ने समस्त फील्ड स्टाफ व ओ पी डी में उपचार करने वाले मरीजों को शपथ दिलाई कि जनजागरूकता के द्वारा हम अपने क्षेत्र में मलेरिया रोग का उन्मूलन करेंगे, महिला सुपरवाइजर माया कुलमी ने बताया कि मलेरिया दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन को मलेरिया रोग के प्रति जागरूक करना है। बचाव हेतु कहीं भी पानी का जमाव न होने दें, मच्छरदानी का प्रयोग करे, हैंडपंप के पास जमा पानी की निकासी करे इस अवसर पर एम पी डब्लू , एएनएम, आशा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# 2 हजार की रिश्वत लेते बीईओ गिरफ्तार, रुका वेतन जारी करने के एवज की रुपयों की मांग



**खरगोन, निप्र।** लोकायुक्त पुलिस ने जिले में पदसि बीईओ को 2 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेंहाथ गिरफ्तार किया है।यह रिश्वत अधिकारी ने खुद के घर पर अतिथि शिक्षक का रुका वेतन जारी करने के एवज में ली थी।

ट्रेप दल में शामिल उप पुलिस अधीक्षक सुनील तालान ने बताया कि आवेदक सुभाष बर्डे निवासी अनकवाड़ी ने पुलिस अधीक्षक विपुस्था लोकायुक्त इंदौर राजेश सहाय को आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की थी की, उसकी पत्नी सेवंती बर्डे, शासकीय प्राथमिक विद्यालय भेडिया फलिया गलतार तहसील भगवानपुरा में अतिथि शिक्षक के पद पर कार्यरत है। नवंबर 25 की वेतन अनुमोदन नहीं होने का कारण वेतन रोक दिया गया था। रूके वेतन निकलवाने के लिए तत्कालीन संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहनपुरा प्रभात परमार्थी ने 2 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। सत्यापन में शिकायत सही पाये जाने पर शनिवार को ट्रैप दल ने अपने ज्योति नगर स्थित निवास पर 2000 रुपए रिश्वत राशि लेते परमार्थी को उसे रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और कार्यवाही जारी है। ट्रेपदल में आरक्षक आशीष शुक्ला, रामेश्वर निगवाल,ए चंद्रमोहन बिष्ट, अनिल परमार, आशीष आर्य आदि शामिल रहे।

# सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, ताले तोड़ ले उड़े नकदी



**खरगोन, निप्र।** ज्योति नगर के एक सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाकर पुलिस को चुनौती दी है। चोरों ने मुख्य द्वार पर लगे ताले तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोरी का खुलासा शनिवार सुबह उस वक्त हुआ जब पड़ोसियों ने मुख्य द्वार पर लगा ताला टूटा और दरवाजा खुला देखा।इसके बाद मकान मालिक के रिश्तेदार नितेश मंडलोई घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

नितेश ने बताया यह उनकी बहन साधना पति सतीष जोशी का मकान है। मकान में बहन साधना रहती है। भांजे की पूणे में नौकरी है, वह वही रहता है। बहन साधना तीन दिन पहले रतलाम रिश्तेदार के यहां पारिवारिक आयोजन में शामिल होने गई है।घर में पांच कमरे है, पांचों में लगे ताले चोरों ने तोड़ दिए है। बेखौफ चोरों ने अलमारियों का सामान बिखरा तसल्ली से तलाशी ली। चोरी की सूचना पर दोपहर में घर लौटती श्रीमती साधना जोशी ने बताया कि चोर अपने साथ 5 हजार रुपए नकद, तीन चांदी के सिक्के और छोटे आभूषण ले गए है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया है। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ संदिग्धों की तलाश में जुट गई है।

# वाहन बीमा-ट्रैफिक नियम पालन पर जोर नशे में वाहन नहीं चलाने की समझाइश

**खरगोन, निप्र।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर द्वारा जिला न्यायालय मण्डलेश्वर के सभाकक्ष में पक्षकारों के लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश जोशी ने कहा कि सभी वाहन मालिक अपने वाहनों का बीमा अनिवार्य रूप से कराएं। उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि बीमित वाहन से दुर्घटना होने पर जान-माल की क्षति की भरपाई बीमा कंपनी द्वारा की जा सकती है, बशर्ते वाहन पंजीकृत एवं बीमित हो तथा चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो।

उन्होंने नशे में वाहन न चलाने, ट्रैक्टर-ट्रॉली में रेडियम पट्टी लगाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। द्वितीय जिला न्यायाधीश



श्री दीपक चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि छोटी-छोटी बातों पर होने वाले विवादों को आपसी समझ से सुलझाना चाहिए। उन्होंने बताया कि थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते समय वास्तविक घटनाक्रम ही लिखवाना आवश्यक है, क्योंकि न्यायालय में निर्णय साक्ष्यों के आधार पर होता है। झूठा प्रकरण दर्ज कराने पर फरियादी के विरुद्ध भी कानूनी कार्यवाही हो सकती है।

उन्होंने आगामी नेशनल लोक अदालत 09 मई 2026 की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना, बैंक, विद्युत, जलकर एवं संपत्ति कर सहित राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से किया जाएगा। सचिव एवं वरिष्ठ खंड न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन ने विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली बताते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य निर्धन व वंचित वर्गों को नि:शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता उपलब्ध कराना है।

# दूल्हा बने रोहित धनगर ने निभायी जिम्मेदारी तपती दोपहरी में भी जनगणना में जुटे कर्मचारी

**खरगोन, निप्र।** भारत सरकार द्वारा कराई जा रही जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में 15 से 30 अप्रैल तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को स्व-गणना के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विकासखंड गोगावां के ग्राम कुकडोल में प्रगणक घर-घर पहुंचकर नागरिकों को स्व-गणना की प्रक्रिया समझा रहे हैं।

तपती गर्मी और दोपहरी के बावजूद प्रगणक पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। इस दौरान एक प्रेरणादायक उदाहरण तब सामने आया जब प्रगणक श्री भुरला सोलंकी ने दूल्हा बने श्री रोहित धनगर से भेंट कर उनकी स्व-गणना पूर्ण करवाई। साथ ही उन्हें दांपत्य जीवन में प्रवेश की शुभकामनाएं भी दीं। उल्लेखनीय है कि रोहित धनगर रविवार को अपनी बारात टोकलाय, बड़वाह लेकर जाने वाले हैं।इसी क्रम में ग्राम में गोगावा से आए एक साधु



को भी स्व-गणना के महत्व की जानकारी देकर प्रक्रिया पूर्ण कराने की समझाइश दी गई।

ग्राम कुकडोल में भुरला सोलंकी, हेमराज पाटीदार, माधुरी पांचाल, बबलू सोलंकी और अशोक पाटीदार द्वारा सक्रिय रूप से जनगणना कार्य किया जा रहा है।पूरे कार्य की निगरानी सुपरवाइजर बाजूसिंह मंडलोई एवं श्री रूमसिंह खरते द्वारा की जा रही है। ग्राम में अब तक 100 से अधिक परिवार स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण कर चुके हैं, जिससे नागरिकों में जनगणना को लेकर जागरूकता और सहभागिता स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है।

**एक नजर में** — एक माह से अधूरी पड़ी पाइप लाइन, जंग लगे पाइपों का उपयोग, नागझिरी-काल्धा मार्ग बाधित, खेतों से गुजरने को मजबूर आमजन

# जीवीपीआर कंपनी की लापरवाही से खेत उजड़े, रास्ते बंद, किसानों में बढ़ा आक्रोश

नवभारत न्यूज

**भीकनगांव, निप्र।** किसानों के लिए वरदान मानी जाने वाली बिंजलवाड़ा उद्वहन सिंचाई योजना अधूरे निर्माण के चलते किसानों का सिरदर्द बढ़ा रही है। जीवीपीआर कंपनी की लापरवाही, घटिया कार्यप्रणाली और प्रशासनिक उदासीनता के कारण किसान न केवल आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं, बल्कि दैनिक जीवन और कृषि कार्य भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं।

भीकनगांव विकासखंड के ग्राम काल्धा और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों जीवीपीआर कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर किसानों में असंतोष है। योजना के अंतर्गत पाइपलाइन डालने के लिए करीब एक माह पूर्व खुदाई की थी, आज तक कार्य अधूरा पड़ा है। परिणामस्वरूप खेतों की संरचना बिगड़ गई है।किसान आगामी बुवाई की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं।सबसे गंभीर स्थिति नागझिरी से काल्धा को जोडने वाले मुख्य मार्ग की है, जो खुदाई के कारण पूरी तरह बंद हो चुका है। इस मार्ग के बंद होने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग मजबूरीवश किसानों के खेतों से होकर आवागमन कर रहे हैं, जिससे भूमि को नुकसान पहुंच रहा है। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र ही मार्ग बहाल नहीं किया, तो बुवाई



के समय स्थिति और विकट हो जाएगी। ग्रामीणों को 7 से 10 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ेगा।

**3 साल पहले खोदा था जिसको किसान ने खुद के खर्च से बुझवाया:-** ग्राम काल्धा के किसान आशीष पटेल ने बताया यह समस्या नई नहीं है। लगभग तीन वर्ष पूर्व भी इसी योजना के तहत उनके खेत में खुदाई की थी। लंबे समय तक पाइप नहीं डाले जाने के कारण उन्होंने स्वयं के खर्च पर गड्ढा भरवाया था। अब पुन: उनके खेत को खोद दिया है। एक माह बीत जाने के बावजूद कोई कार्य प्रगति नहीं दिख रही है। उन्होंने कई बार कंपनी और संबंधित विभाग से शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

**मानकों की अनदेखी:-** किसान संघ के प्रतिनिधि श्यामसिंह पवार ने जीवीपीआर कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा- कंपनी मानकों की अनदेखी कर रही है। जहां छोटे पाइप उपलब्ध नहीं हैं, वहां पुराने और जंग लगे बड़े पाइपों को काटकर उपयोग में लिया जा रहा है। ऐसे पाइप न केवल कमजोर हैं, बल्कि भविष्य में सिंचाई व्यवस्था के लिए भी खतरा बन सकते हैं। यह सीधे.सीधे किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ है। आगामी 15 दिनों के बाद खेतों की तैयारी और बुवाई शुरू होना है। जीवीपीआर कंपनी की कार्यप्रणाली की तत्काल जांच कराई जाए। घटिया सामग्री के उपयोग पर रोक लगाई जाए और अधूरी पाइपलाइन को शीघ्र पूर्ण कर मार्ग को पुन: चालू किया जाए। अधिकारी का कहना है कि किसानों की समस्या की प्राप्त हुई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित विभाग एवं कार्यकारी एजेंसी को निर्देशित कर काम कराएंगे।